पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

NAAC ACCREDITED "A"

क्रमांकः 5952 / अका. / का.प. / 2018 रायपुर, दिनांक : 9 / 03 / 2018

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की सैंतीसवीं* (आपातिक) बैठक शुक्रवार, दिनांक 09.03.2018 को अपरान्ह 03:00 बजे कुलपति सचिवालय के बैठक कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति – अध्यक्ष

1. डॉ. (श्रीमती) मोयना चक्रवर्ती – सदस्य
2. डॉ. (श्रीमती) शैल शर्मा – सदस्य
3. डॉ. बशीर हसन – सदस्य
4. डॉ. ए.के. श्रीवास्तव – सदस्य
5. डॉ. के.एल. वर्मा – सदस्य
6. डॉ. एच.के. पाठक – सदस्य
7. डॉ. सोम कुमार चटर्जी – सदस्य
8. डॉ. चन्द्रशेखर चौबे – सदस्य
9. डॉ. नरेन्द्र पटनायक – सदस्य
10. डॉ. डी.एन. वर्मा – सदस्य
11. श्री नरेशचन्द्र गुप्ता – सदस्य
12. डॉ. लक्ष्मीकांत भारती – सदस्य
13. श्री सत्यनारायण शर्मा – सदस्य

डॉ. संदीप वनसूत्रे कुलसचिव – सचिव

कार्यवृत्त :

01. श्रीमती प्रमिला गोकुल दास डागा कन्या महाविद्यालय, रायपुर में आगामी परीक्षा संचालन एवं शिक्षा व्यवस्था पर विचार करना।

निर्णय :श्रीमती प्रमिला गोकुल दास डागा कन्या महाविद्यालय, रायपुर की सत्र 2017–18 की समस्त परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा वि.वि. परिसर में संचालित की जावेगी। मुख्य केन्द्राध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं आवश्यकतानुसार परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यवस्था की जाएगी। प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन से निवेदन किया जावे।

02. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की 36वीं बैठक रविवार दिनांक 25 फरवरी, 2018 के कार्यवृत्त में संशोधन हेतु।

निर्णय : मान. श्री सत्यनारायण शर्मा, कार्यपरिषद् सदस्य, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का पत्र क्र. 1104 दिनांक 08.03.2018 को संज्ञान में लेते हुए कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.02.2018 की बैठक के कार्यवृत्त के अध्यक्ष के अनुमति से बिन्दु क्रमांक 1 में समावेश करते हुए निम्नानुसार संशोधन का अनुमोदन किया गया –

(1) कार्यपरिषद् के सदस्य, श्री नरेशचन्द्र गुप्ता, जो कि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव हैं, ने महाविद्यालय के संबंध में हो रही चर्चा से अपने को अलग रखा।

(2) परन्तु मान. सदस्य श्री सत्यनारायण शर्मा जी ने कार्यवाही विवरण में उक्त महाविद्यालय में श्री नरेशचन्द्र गुप्ता के द्वारा "परीक्षा के समय शांति व्यवस्था की संपूर्ण जवाबदारी" की बात नहीं कही थी, अपितु –

(3) श्री नरेशचन्द्र गुप्ता जी ने कार्यपरिषद् को यह आश्वस्त किया था कि महाविद्यालय प्रबंधन विश्वविद्यालय को परीक्षा के संचालन में संपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

अध्यक्ष एवं माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक संपन्न हुई।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांकः 5953/अका./का.प./**2018** रायपुर, दिनांक : 9/**03/2018**

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला/समस्त विभागीय अधिकारी,
4. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
5. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)